## महत्वपूर्ण एवं खास

### बोरी में मिली लापता युवक की सड़ी-गली लाश,दो हत्यारे गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के सोमनी थाना क्षेत्र से पिछले 17 जून से लापता युवक की शनिवार को पुलगांव नाला से क्षत-विक्षत हालत में लाश बरामद हुई है। मामले में पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बता दें कि सोमनी थाना में 17 जून को संदीप आडिल (21 वर्ष) के गुम होने का मामला दर्ज हुआ था। घटना की जांच में पुलिस ने संदेही विष्णू देशमुख तथा पिंटू नामक युवक को पकड़ा था। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि शराब के नशे में उनके बीच विवाद हुआ जिसके चलते आरोपियों ने संदीप को हाथ मुक्के से मारपीट की जिससे संदीप गंभीर रुप से घायल हो गया था। और नशे में ही आरोपियों ने उसके शरीर से पत्थर बांध उसे नाला में फेंक दिया था। आरोपियों के बयान के बाद पुलिस ने लापता संदीप की लाश पुलगांव नाले से बरामद कर ली है। मृतक का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है। मृतक के भाई ने लाश की पहचान कपड़ों से की है। मामले में पुलिस ने विष्णू देशमुख तथा पिंटू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

### 7 वर्षों से कथित फरार निगरानी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिला के फरार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के हेतु सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूण्बीण्एसण् चौहान व नगर पुलिस अधीक्षक रवींद्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कुसमुंडा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ फरार वारंटियों की सघन पतासाजी करने पर सूचना मिली की थाना कुसमुंडा के निगरानी बदमाश चिल्हाटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौकी मोपका थाना सरकंडा जिला बिलासपुर में अपना नाम बदलकर रह रहा हैं उसके खिलाफ थाना कुसमुंडा के दो अलग.अलग मामलों में आम्र्स एक्ट व चोरी के प्रकरण में स्थाई वारंट माननीय न्यायालय कटघोरा से जारी हुआ है। वह विगत 07 वर्षों से फरार चल रहा था साथ ही उक्त वारंटी का थाना हरदीबाजार में 01 स्थाई वारंटए थाना दर्री में 01 स्थाई वारंट व थाना उरगा में 01 स्थाई वारंट होना पाया गया है। जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जाना है।

### बलौदा बाजार हिंसा मामला : दो और आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों में एक युवक बालोद निवासी प्रवीण महिलांगे ने तोडफ़ ोड़ के दौरान एक कार में रखे लैपटॉप, हार्ड डिस्क, मोबाइल को पार कर दिया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। दरअसल 10 मई को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय में खडी वाहनों में आग लगा दिया गया था। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोडफ़ोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बना कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दी जा रही है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान करते हुए उनकी तलाश की जा रही है। इसी क्रम में प्रकरण में शामिल 2 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# एसपी ने क्राईम मीटिंग पर अपराधों की समीक्षा कर लंबित अपराधों, शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश

- संपत्ति संबंधी अपराधों में फोकस करें थाना प्रभारी, इटेलीजेंस बढावें-एसपी दिव्यांग पटेल
- सक्रिय बदमाशों पर कार्रवाई और जिला बदर की फाइल तैयार करने के दिए निर्देश
- दिगर प्रांत से फरार आरोपियों को पकड़कर लाने वाले जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया प्रोत्साहित
- प्रत्येक सप्ताह थानाक्षेत्र में थाना प्रभारी आयोजित करेंगे साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम
- क्राइम मीटिंग के बाद वृक्षारोपण में शामिल हुए पुलिस अधीक्षक और सभी पुलिस अधिकारी

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारी के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना, चौकी के एक-एक कर लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग की समीक्षा कर निकाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। अपराध निकाल में थाना कोतरारोड़, चक्रधरनगर तथा गुम नाबालिग खोज में जूटमिल और पुसौर के कार्य को संतोषजनक बताये। सड़क दुर्घटना एवं महिला संबंधी अपराधों में मुआवजा प्रकरण का प्रतिवेदन शीघ्र तैयार कर भेजना कहा गया तथा लंबित मर्ग, शिकायत पत्रों का एक सप्ताह के भीतर निकालकर पालन प्रतिवेदन करने कहा गया।



पुलिस अधीक्षक ने संपत्ति संबंधी अपराधों के नियंत्रण के लिये सूचना तंत्र मजबूत करने एवं विज़ुअल पुलिसिंग के तहत चौंक-चौराहों में पुलिस की मौजूदगी और गस्त पेट्रोलिंग सुदृढ़ करने कहा गया। उन्होंने प्रभारियों को थाना क्षेत्र के किराएदारों और मुसाफिरों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए तथा सक्रिय बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर प्रेषित करने कहा गया।

पुलिस अधीक्षक ने बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर अवेयरनेस प्रोग्राम नियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह हर थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइबर अवेयरनेस किए जाने का निर्देश दिये। साथ ही सभी अधिकारियों को प्रतिदिन विभिन्न व्हाटसअप ग्रुपों में साइबर जागरूकता संदेश, पोस्ट शेयर करने कहा गया। उन्होंने त्रिनयन ऐप के जरिए क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने लोगों को प्रेरित करने की बात कही तथा लगे हुए कैमरों में आवश्यक सुधार करने कहा गया। रथ यात्रा, मोर्हरम पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये तथा आने वाले लोक अदालत के प्राप्त समंस, नोटिस की शत प्रतिशत तामिली करने कहा गया।

क्राइम मीटिंग में दिगर प्रांत से आरोपियों की गिरफ्तारी एवं अपराध विवेचना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रधान आरक्षक व आरक्षक को प्रशस्ति पत्र से देखकर प्रोत्साहित किये तथा रेंज स्तरीय फिंगरप्रिंट कार्यशाला में शामिल हुए प्रधान आरक्षक/आरक्षकों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेकर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किये और बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया गया। काइम मीटिंग में द्ववेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला समेत सभी राजपत्रित पुलिस अधीक्षक, थाना, चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे।

क्राइम मीटिंग पश्चात पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सभी अधिकारी, कर्मचारगण फायरिंग रेंज (उर्दना) में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर फलदार और छांवदार वृक्ष लगाये। पुलिस अधीक्षक ने वृक्षारोपण के लिये मौसम अनुकूल बताते हुए प्रभारियों को थाना, चौकियों तथा उनके निवास स्थान पर भी वृक्षारोपण करने प्रेरित किया गया।

## मरीन ड्राइव पर गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रेड कर पकड़ा, आरोपी से 1 किलो गांजा और अपाचे बाइक जब्त

**रायगढ़**

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सिटी एसपी श्रीआकाश शुक्ला द्वारा मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने पर्यवेक्षण थाने के थाना प्रभारीगण एवं स्टाफ को ब्रीफ कर मुखबीर लगाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कल शाम टीआई कोतवाली सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिला कि शनि मंदिर रोड मरीन ड्राइव पंप हाउस के पास एक युवक थैले में गांजा लेकर बिक्री करने ग्राहक की तलाश में अपाचे मोटर सायकल के साथ खड़ा है। तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया जिसने अपना नाम संदीप चौहान पिता इतवार लाल चौहान उम्र 29 साल निवासी नेतनागर थाना जूटमिल का रहने वाला बताया जिसके पास प्लास्टिक थैला अंदर पन्नी में मादक पदार्थ गांजा करीब 1 किलो 62 ग्राम पाया गया। आरोपी ने पूछताछ में बिक्री के लिये ग्राहक का इंतजार करना बताया। आरोपी से विधिवत 1 किलो गांजा कीमती रु.10,000 और अपाचे लाल रंग मोटर सायकल CG 13 – AJ- 5951 कीमती रु.70,000 रुपए का जप्त किया गया है। आरोपी के कृत्य पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 421/2024 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर गांजा रेड की कार्यवाही में टीआई सुखनंदन पटेल, एएसआई गौतम ठाकुर, हेड कांस्टेबल हेमंत पात्रे, श्रीराम साहू, कांस्टेबल संदीप मिश्रा, उत्तम सारथी, गणेश सिंह पैंकरा, जगदेव मरकाम शामिल थे।



## लोहे का ऐंगल व चैनल चुराने वाले दो आरोपियों को तमनार पुलिस ने किया गिरफ्तार

- ऐश पाईपलाइन के लिए बनाए कालम, बीम में लगे लोहे की करते थे चोरी
- आरोपियों से भारी मात्रा में लोहा एंगल, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और पिकअप वाहन जब्त

**रायगढ़**




थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत जेपीएल से गारे पलमा IV/1 कोयला खदान तक ऐश परिवहन के लिये ऐश पाइपलाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस पाइपलाइन को बिछाने गांव में आरसीसी कॉलम, बीम बनाये गये हैं, इन कॉलम बीम को तोड़ उसके लोहे का ऐंगल और चैनल की चोरी की शिकायतें आ रही थी। कल जेपीएल तमनार के उप महाप्रबंधक मनीष मालिक द्वारा थाना तमनार में 13 और 14 जून की दरम्यानी रात ग्राम बुडिया झींकाबहाल के पीलर नंबर 90 से 153 आरसीसी कलम तोड़कर लोहे का एंगल और चैनल चोरी के संबंध में आवेदन दिया गया जिस पर थाना तमनार में अपराध क्रमांक 181/2024 धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध अज्ञात आरोपी पर पंजीबद किया गया । माल मुल्जिम पतासाजी दौरान थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा प्लांट आसपास सीसीटीवी चेक किया और मुखबीरों से जानकारी ली गई जिसमें रायगढ़ के आनंद भारद्वाज और मोहम्मद रिजवान को क्षेत्र में प्लांट आसपास लोहे चुराने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। तत्काल तमनार पुलिस की टीम द्वारा संदेही आनंद भारद्वाज और मोहम्मद रिजवान को हिरासत में लेकर चोरियों के संबंध में पूछताछ किया गया। दोनों से अपराध कारित करना स्वीकार किया है, दोनों के मेमोरेंडम पर लोहे का एंगल कट पीस 130 नग, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा (तराजू), एक सफेद रंग का पिकअप सीजी 13 एल.ए. 1562 को गवाहों के संबंध जप्त किया गया है। आरोपी (1) आनंद भारद्वाज पिता आत्माराम भारद्वाज उम्र 34 साल निवासी वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ (2) मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद आरिफ उम्र 39 वर्ष वार्ड क्रमांक 45 भगवानपुर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां आरोपियों का जेल वारंट जारी होने पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी एवं चोरी की माल मशरूका बरामदगी में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया, अनूप कुजूर, आरक्षक अनूप मिंज की अहम भूमिका रही है।

## सहारा इंडिया धोखाधड़ी मामले में सहारा इंडिया के पूर्व रीजनल मैनेजर को कोतवाली पुलिस ने बिलासपुर से किया गिरफ्तार

- आरोपी से स्वीफ्ट डिजायर कार की जब्ती, आरोपी गया जेल

**रायगढ़**

गत दिनों पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ0 संजीव शुक्ला द्वारा गंभीर मामलों की समीक्षा कर सहारा इंडिया से संबंधित थाना कोतवाली रायगढ़ के अपराध में फरार चल रहे आरोपियों की शीघ्र पतासाजी का निर्देश दिए गये थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा फरारी में चालान पेश किये आरोपियों का नये सिरे से शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश दिया गया जिस पर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के सुपरविजन पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबीरों को एक्टिव कर फरार आरोपियों का लोकेशन लिया गया तथा जिस पर सहारा इंडिया के रीजनल मैनेजर रजनीश कुमार तिवारी के बिलासपुर में होने की जानकारी मिली। तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थाने की टीम बिलासपुर रवाना किया गया। पुलिस टीम बिलासपुर में आरोपी की पतासाजी कर आरोपी रजनीश कुमार तिवारी पिता स्वर्गीय उमेश प्रसाद तिवारी उम्र 41 साल निवासी पुरानी बस्ती रामनगर रोड अमरपाटन जिला सतना (मध्य प्रदेश) हाल मुकाम गली नंबर 04 विनोबा नगर बिलासपुर थाना तारबहार जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी से उसके नियुक्ति संबंधी दस्तावेज तथा धोखाधड़ी के संपत्ति से क्रय की गई स्वीफ्ट डिजायर कार की जप्ती की गई है।



विदित हो कि शिकायतकर्ता विकास निगानिया निवासी कृष्णा विहार कालोनी रायगढ के आवेदन पर 29 सितंबर 2022 को थाना कोतवाली में सहारा इंडिया के स्थानीय शाखा प्रबंधक एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र. 1363/2022 धारा 420 , 120 बी , 34 ताहि, धारा 6,10 छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों के संरक्षण अधिनियम, धारा 4,5,6 ईनामी चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी में संलिप्त आरोपी- ओम प्रकाश शर्मा, पुष्पेन्द्र कुमार साहू, करूणेश अवस्थी,अमृत लाल श्रीवास को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश रायगढ़ के न्यायालय में चालान पेश किया गया है। आरोपी रजनीश तिवारी के विरूद्ध शीघ्र पूरक चालान पेश किया जावेगा। कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व ही आरोपियों के चल अचल संपत्ति का चिन्हांकन कर कुर्की/नीलामी कार्यवाही हेतु कलेक्टर रायगढ़ को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, मनोज पटनायक, साइबर सेल के आरक्षक प्रशांत पंडा, प्रताप बेहरा शामिल थे।

## डिप्टी सीएम ने किया चिकित्सकों का सम्मान

**बिलासपुर-रायपुर |** आरएनएस

उप मुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज शाम माई एफएम द्वारा नवा रायपुर में आयोजित ये शाम डॉक्टर्स के जज्बे के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में राजधानी रायपुर के 35 चिकित्सा विशेषज्ञों और डॉक्टरों को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माई एफएम द्वारा बहुत सराहनीय आयोजन किया गया है। मैं आज यहां सम्मानित हो रहे डॉक्टरों के साथ ही माई एफएम की टीम को भी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को यूं ही धरती का भगवान नहीं कहा जाता है। वे अपनी काबिलियत और अथक परिश्रम से लोगों की जान बचाते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में मौजूदगी मेरे लिए गौरव का क्षण है। राज्य में मैं जिस विभाग का प्रभार संभाल रहा हूं, उसके कर्णधारों के सम्मान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित है। प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा रहा है। जिस समय छत्तीसगढ़ राज्य बना, उस समय यहां मात्र एक ही मेडिकल कॉलेज था। आज प्रदेश में एम्स सहित 11 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि आयुष्मान कॉर्ड के जरिए लोगों को हर साल पांच लाख रुपए तक की चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जा रही है। इसमें सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी क्षेत्र के अस्पतालों का भी सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम में माई एफएम के क्षेत्रीय बिजनेस प्रमुख शाजी मुकुल के साथ ही आयोजन में सहयोगी संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी तथा अनेक डॉक्टर सपरिवार मौजूद थे।

## जिले में शुरू हुआ राजस्व पखवाड़ा : राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए गांवों में लगे शिविर

- फौती, नामांतरण एवं बटवारा जैसे प्रकरणों का मौके पर किया गया निराकरण
- जिले में 20 जुलाई तक चलेगा राजस्व पखवाड़ा

**रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देशानुसार जन सामान्य के राजस्व से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के लिए जिले के ग्रामों में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त प्रकरणों के नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए है, साथ ही जनसामान्य को आयोजित राजस्व पखवाड़ा का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।



राजस्व पखवाड़ा के तहत जिले के ग्राम कया, जबगा, कटाईपाली, हमीरपुर, कुर्रा, परसदा, जामपाली, अडबहाल में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, लोक सेवा केन्द्र के ऑपरेटर उपस्थित रहे। आयोजित राजस्व शिविर के माध्यम से बी-1, खसरा के नकल एवं किसान किताबों के आवेदनों का यथासंभव शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। इसी प्रकार आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र संबंधी समस्त आवेदनों को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टि कर निराकरण भी किया गया। शिविर में प्राप्त फौती नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि की गई एवं मौके पर ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिल कराया जाकर प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसी प्रकार लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित राजस्व अधिकारियों को दिए गए है।

**लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर जोर**

लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत राजस्व विभाग के 25 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। इसमें नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, ऋण पुस्तिका, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन के मामले, त्रुटि सुधार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से हुए क्षति पर आर्थिक सहायता के प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा। विवादित प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी राजस्व अधिकारी नियमित रूप से न्यायालय में आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन कर गुणवत्ता युक्त निर्णय यथाशीघ्र सुनिश्चित करेंगे।

## छात्रों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडऩे दिल्ली से पहुंचे कलाकारों ने स्कूलों में दी विशेष प्रस्तुति : नई दिल्ली स्थित इंडियन इंटरनेशनल रूरल सेंटर की पहल

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के विशेष प्रयास से तथा स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा के समन्वय से 2 से 06 जुलाई 2024 तक नई दिल्ली स्थित इंडियन इंटरनेशनल रूरल कल्चरल सेंटर के पहल पर जयपुर घराने की कलाकार कथक नृत्यांगना नयनिका गंगानी ने अपने तीन सहयोगी साथियों महेंद्र सोनगरा, किशोर कुमार और हरीश गंगानी ने जिले के दस स्कूलों में कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया।




सुश्री गंगवानी ने विद्यार्थियों को अपने अंदर अंतर निहित विशेष गुणों को पहचान कर उसके माध्यम से पढ़ाई से उत्पन्न तनाव से मुक्ति कैसे करें तथा अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कैसे करें यह भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, सतत प्रयास, तन्मयता के समन्वय से लक्ष्य प्राप्ति को आसान करना भी बताया। कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य की जानकारी जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को दी। नृत्य प्रस्तुति के लिये रायगढ़ जिले के दस हायर सेकेंडरी स्कूलों का चयन किया गया था। गंगवानी ने 02 जुलाई को चक्रधरनगर स्कूल एवं नटवर स्कूल में 03 जुलाई को जूटमिल स्कूल और कोतरा स्कूल में, 04 जुलाई को किरोड़ीमल नगर स्कूल और कन्या रायगढ़ स्कूल में, 05 जुलाई को औरदा पुसौर स्कूल और बालक पुसौर स्कूल में प्रस्तुति दी।

स्कूलों में कार्यक्रम के दौरान नृत्य के माध्यम से बच्चों को एकाग्रता कैसे लाये, पूर्णता के लिये कैसे मेहनत करें, सफलता कैसे हासिल करें जैसे विषयों को नृत्य से जोड़कर सिखाया। साथ ही बच्चों को नृत्य किस तरह सीखा जाता है इसके टिप्स दिये, सभी स्कूलो के बच्चों ने नृत्य का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में भुवनेश्वर पटेल एपीसी एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार एपीसी ने पूरी टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिये साधुवाद दिया तथा टीम को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में रायगढ़ आने हेतु आमंत्रण दिया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480